झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2022) के संबंध में आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल–110 पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु अधियाचित रिक्तियों के आधार पर विज्ञापन संख्या–06/2022 का प्रकाशन कर झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत् चिकित्सा पदाधिकारी से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021 (अधिसूचना संख्या–552(9), दिनांक–09.12.2021) की कंडिका–2 में निम्न प्रावधान हैः–

"सहायक प्राध्यापक की विभागवार रिक्त पदों के विरूद्ध प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के आरंभ में सर्वप्रथम झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी में से नियुक्ति की जायेगी, जो इस हेतु राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (National Medical Commission) के मापदण्डों को पूर्ण करते हैं। चयन की प्रक्रिया को झारखण्ड लोक सेवा आयोग अपने स्तर से क्रियान्वित करेगा। मेधा का निर्धारण झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2018 के अध्याय–4 के Annexure-**B** की कंडिका–(III), (IV), (V), (VI) में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप होगा।

तदोपरान्त विभागवार शेष रिक्त पदों पर झारखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2018 के अनुरूप नियुक्ति की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।"

उक्त प्रावधान के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन संख्या–06/2022 को इस प्रकार संशोधित समझा जाय।

2. वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या–06/2022 के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन समर्पित नहीं किया गया है, वैसे इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

3. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित हैः–**

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–05.02.2024 से दिनांक–04.03.2024 तक
ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–04.03.2024 समय–5:00 P.M.
परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–05.03.2024 समय–5:00 P.M.
हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक–15.03.2024 समय–5:00 P.M.

4. **वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या–06/2022 के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन एवं हार्ड–कॉपी समर्पित किया गया है, पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

5. विज्ञापन की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

6. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301636 एवं +919431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से संध्या संध्या 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

7. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।